

## मानसिक तनाव से प्रताड़ित व्यक्ति ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

**▸ लोको पायलट और पुलिस की सूझबूझ से बची जान**



**नीमच।** नीमच रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मानसिक तनाव से जूझ रहे एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि लोको पायलट की सतर्कता और जीआरपी पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और युवक की जान बचा ली गई।घटना के बाद पुलिस ने युवक का प्राथमिक उपचार कराते हुए काउंसलिंग कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनिया कला निवासी 55 वर्षीय राजेश पाटनी पिता शांति लाल पाटनी नामक व्यक्ति गुरुवार को नीमच रेलवे स्टेशन पहुंचा था।स्टेशन पर कुछ देर तक इधर-उधर घूमते हुए उसके हाव-भाव असामान्य नजर आ रहे थे। वहां मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों को उसके व्यवहार से किसी अनहोनी की आशंका हुई, जिस पर उन्होंने तत्काल जीआरपी थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति पर नजर रखने लगी।इसी दौरान राजेश ने रतलाम से आगरा की ओर जा रही आगरा फोर्ट एक्सप्रेस के सामने अचानक छलांग लगा दी। जैसे ही यह दृश्य लोको पायलट की नजर में आया,उन्होंने बिना देर किए आपात ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।लोको पायलट की सूझबूझ से ट्रेन समय रहते रुक गई, जिससे युवक की जान बच गई।इसके तुरंत बाद जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को पटरी से बाहर निकाला।

घटना में राजेश को शरीर के कुछ हिस्सों में मामूली चोटें आईं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा उसकी काउंसलिंग की गई।पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि पारिवारिक उपेक्षा और आर्थिक तंगी के कारण वह लंबे समय से मानसिक तनाव और अवसाद में था। उसका कहना था कि परिवार में कोई उसे प्यार नहीं करता और न ही कोई उसे रखने को तैयार है, जिससे वह खुद को असहाय महसूस कर रहा था।

जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी के एल भाटी ने बताया कि समय रहते मिली सूचना, यात्रियों की सजगता और लोको पायलट की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। काउंसलिंग के बाद युवक को समझाइश देकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मानसिक तनाव में नजर आए तो तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना दें, ताकि समय रहते उसकी मदद की जा सके।

## विश्वकर्मा जन्म महोत्सव का चित्रकला एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं के साथ शुभारंभ



**नीमच।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज जवाहर नगर नीमच के तत्वाधान में 49 वां श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 127 जवाहर नगर नीमच जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में गुरुवार 29 जनवरी को ड्राइंग और मेहंदी प्रतियोगिताओं के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। जांगिड़ ब्राह्मण समाज नीमच के अध्यक्ष सुरेश शर्मा महामंत्री प्रवीण शर्मा कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरुवार 29 जनवरी को शाम 4 बजे जांगिड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला भवन में बालक एवं बालिकाओं की 0 से 6 से 12 ,12 से 18 वर्ष महिलाओं के सभी आयु वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें समाज के बालिकाओं महिलाओं बच्चों ने अपार उत्साह के साथ सहभागिता निभाई इसी प्रकार शाम 5 बजे से 6 बजे तक 12 से 18 वर्ष बालिका वर्ग तथा महिलाओं के सभी आयु वर्ग की मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिला बालिका एवं बच्चों ने सहभागिता निभाई। विश्वकर्मा जन्म महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 31 जनवरी शनिवार को विश्वकर्मा जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में 127 जवाहर नगर नीमच पर विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। शुक्रवार 30 जनवरी को दोपहर 2 से 2:30 बजे तक हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान गायत्री मंदिर के सामने नीमच पर समाज बालक एवं बालिका वर्ग की अलग-अलग वर्ग की दौड़ स्लो साइकिल रेस, दोपहर 3: से 3:30 बजे तक पुरुष एवं महिला वर्ग की अलग-अलग स्लो स्कूटी रेस सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 30 जनवरी शुक्रवार को जांगिड़ ब्राह्मण समाज भवन 127 जवाहर नगर नीमच पर दोपहर 2:30 बजे महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन, दोपहर 3:30 से 4 बजे तक 12 से 18 बालिका एवं सभी आयु वर्ग महिला वर्ग की चेयर रेस प्रतियोगिता, दोपहर 3:30 से 4 तक 18 से 18 वर्ष बालिका एवं सभी आयु वर्ग महिला वर्ग की चम्मच रेस 4 से 4:30 बजे तक बालक एवं बालिकाओं के 6 से 12 वर्ष तक आयु वर्ग की फैंसी ड्रेस तथा 4.30 से 5 बजे तक सामाजिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।, रात्रि 8बजे भगवान विश्वकर्मा जी कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।31 जनवरी शनिवार को सुबह 9 बजे हवन एवं गणपति पूजन, दोपहर 12:30 बजे विश्वकर्मा की शोभायात्रा शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह 6:30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्य विनय जांगिड़,भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती अतिथि के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे । 31 जनवरी को सभी समाज बंधु अपना व्यापार व्यवसाय संस्थान का अवकाश रखकर कार्यक्रमों में सहभागी बनेंगे।

### एक नजर में

## माहेश्वरी समाज की नई कार्यकारिणी का ऐलान, सत्यनारायण जागेटिया बने अध्यक्ष



**नीमच।** माहेश्वरी समाज ने 2025-28 के लिए नई कार्यकारिणी का ऐलान किया। जिसमें अध्यक्ष सत्यनारायण जागेटिया, उपाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, सचिव सुरेश सोडानी, कोषाध्यक्ष निर्मल दरक, सह सचिव दीपक मुंदड़ा, भवन प्रमुख कमल गिंदोदिया, मंदिर प्रमुख सत्यनारायण तोतला, मीडिया प्रभारी ललित कुमार राठी। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ राधा वल्लभ मंडोवरा, सुशील सोमानी, अनिल अजमेरा, भंडार प्रमुख प्रमोद मालू, कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद मूंदड़ा, रमेश बाहेती, दीपक बाहेती, विमल सोनी, आलोक मालू, सुधीर सोनी, महेश समदानी, दिनेश अजमेरा, सुनील सोनी, मनीष नुवाल को नियुक्त किया गया। जानकारी मीडिया प्रभारी ललित राठी द्वारा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक



**नीमच।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में गुरूवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न हुईद्य जिसमें प्रशिक्षण, रोजगार, श्रम, औद्योगिकी, बैंक इन विभाग के अधिकारी एवं प्राइवेट इंडस्ट्री के प्रतिनिधि उपस्थित थेद्य बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिला स्तर पर कौशल एवं रोजगार की स्थिति की समीक्षा की और इस विषय से सम्बंधित योजनाए एवं कार्य को गति देने के लिए निर्देश दिए।

## नीमच में हुआ भारतीय जनतंत्र संघ भारत का गठन

**नीमच।** भारतीय जनतंत्र संघ भारत के संस्थापक ओर राष्ट्रीय चीफ प्रमुख कपिल शुक्ला व सभी संस्थापक सदस्यों की ओर से प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की भारतीय जनतंत्र संघ भारत की स्थापना नीमच में मकर संक्रांत्री के पावन अवसर पर की गई ओर गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर इसका विस्तार किया गया भारतीय जनतंत्र संघ भारत का मुख्य उद्देश्य समान अधिकार, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, प्रकृति, ओर राष्ट्र हित जन हित जैसे कई विषयों के लिए कार्य करने के उद्देश्य से की गई। आगामी बैठक में कार्ययोजना बना कर विस्तार किया जाएगा। भारतीय जनतंत्र संघ भारत में पदाधिकारियों की नियुक्तियां प्रारंभ हो गई हैं। शीघ्र सभी राज्यों में भी पदाधिकारी नियुक्त कर संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कार्य प्रारंभ किया जाएगा।अभी कुछ राज्यों में सदस्य ओर पदाधिकारियों को नियुक्ति होना प्रारंभ हो गई।

## शहर के एकमात्र राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम का हाल बेहाल, ग्रास फील्ड की योजना फैल

**नीमच।** शहर के एक मात्र डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम को ग्रास फील्ड में तब्दील करने की योजना पर वर्षो बाद भी अमल नहीं हो सकता है। वर्षो पहले नगरपालिका ने मैदान को ग्रास फील्ड में तब्दील करने के प्रयास किए थे कुछ समय तो ठीक ठाक चला लेकिन मैदान तक पानी के पर्याप्त इंतजाम के अभाव में ग्रास फील्ड से घास गायब हो गई। वर्तमान समय स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई जाली भी गुणवत्ता के पैमाने पर कमजोर है। साथ ही स्टेडियम में लगे फ्लड लाईट की रोशनी भी पर्याप्त मैदान में नहीं पहुंच पाती है कनेक्शन नहीं होने की स्थिति में प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान जनरेटर का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही स्टेडियम में स्थाई रुप से चौकीदार की तैनाती होना यह व्यवस्था भी नगरपालिका नही कर सकी है।उल्लेखनीय है जिला फुटबाल संघ में वर्तमान में 21 टीमे पंजीकृत है और 500 खिलाड़ी विभिन्न टीमों में खेलते है। इसके बावजूद भी स्टेडियम में सुविधाओं का वर्षो से अभाव है। बारिश के दिनों में तो मैदान में कीचड़ हो जाता है और दूसरे मौसमों में उबड़ खाबड़ जिसके चलते खिलाडियों के लिए अभ्यास करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है।वर्षो पहले यहां पर पहले लाल मिट्टी का ग्राउंड था, लेकिन ग्रास ग्राउंड बनाने के लिए पीली मिट्टी भरी गई, और ग्रास फील्ड के रुप में तैयार भी किया गया था। लेकिन काम बीच में बंद होने से यह प्रोजक्ट बंद कर दिया गया। अब हालात यह कि बारिश में कीचड़ हो जाता है, खिलाड़ियों का खेलना मुश्किल होता है।जिससे उनकी पर परफॉर्मेंस फर्क पड़ता है। जिला प्रशासन से हमेशा निर्माण की मांग रही है। स्टेडियम के चारों और खरपतवार है और मेदान के चारों और कचरे और गंदगी दिखाई देते है।स्टेडियम के अंदर से पानी की निकासी के लिए बनाया गया ड्रेनेज सिस्टम में जगह-जगह से टूट फूट गया है और गंदगी बिखरी पड़ी है । कई बार आमजन में स्टेडियम के कायाकल्प में उम्मीद तो जगी लेकर उनकी उम्मीद पूरी तरह से साकार नहीं हो सकी ।मैदान को ग्रास फील्ड बनाने की योजना भी कागजों में ही दम तोड़ गई।गौरतलब है खेल के क्षेत्र में नीमच शहर की पहचान फुटबॉल के कारण है।आजादी के पहले अंग्रेजों के जमाने से शहर में फुटबॉल खेला जाता है। आजादी के बाद से ही नगरपालिका द्वारा दोनों राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और फिर गणतंत्र दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता इन दोनों पर्व नाम पर आयोजित की जाती रही है।, सालों से डीएफए नपा के सहयोग से स्पर्धा करवा रहा है।

## बाल विवाह की सूचना पर की कार्रवाई, दो नाबालिग बहनों की शादी रुकवाई



**नीमच।**कलेक्टर नीमच हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि सुश्री अंकिता पंड्या के मार्गदर्शन में एसडीएम संजीव साहू के पर्यवेक्षण में परियोजना अधिकारी नीमच ग्रामीण इरफान अंसारी के नेतृत्व में संयुक्त दल द्वारा 2 बहनों का बाल विवाह रुकवाया गयाहै। जिला कर्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि 28 जनवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 29 जनवरी 2026 को ग्राम जवासा में 2 बहनों का विवाह होने वाला है जिसमें एक बारात राजस्थान से और दूसरी बारात मोरका विकासखंड जावद से आना है।

दोनों ही लड़कियां 16 व 17 वर्ष की है और राजस्थान की निवासी है परंतु विवाह हेतु अपने मामा के घर जवासा में परिवार के साथ आई है । संयुक्त दल में उप निरीक्षक श्री मदनलाल सिंघाड़, राजस्व निरीक्षक श्री अक्षय शर्मा, पंचायत समन्वय अधिकारी श्री एन.के. कुमार शर्मा, पर्यवेक्षक श्रीमती इंदु सोनी, श्रीमती पिंकी भाटिया, पटवारी श्री मनोज चौहान, स्वास्थ्य सेक्टर सुपरवाइजर श्री सुरेश कारपेंटर, एमपीडब्ल्यू श्री विनोद तिवारी, पंचायत सचिव श्री मेघवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नागकन्या सेन, आशा कार्यकर्ता संगीता मालवीय ने। मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी एवं बताया गया कि बाल विवाह कानूनी अपराध है।मौके पर उपस्थित बालिकाओं के पिता एवं ननिहाल पक्ष के व्यक्तियों द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उनके पास बालिकाओं की आयु संबंधी कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है तथा दोनों बालिकाओं की आयु 18 वर्ष से कम है।

कानून की जानकारी प्राप्त होने के पश्चात बालिकाओं के पिता एवं ननिहाल पक्ष द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई कि प्रस्तावित विवाह को स्थगित किया जा रहा है तथा भविष्य में यदि समय पूर्व विवाह कराया जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी ।उक्त संबंध में मौके पर पंचनामा तैयार किया गया।

## वेतन न मिलने से भड़के आउटसोर्स कर्मचारी, मेडिकल कॉलेज में दिया धरना, काम बंद करने की चेतावनी



**नीमच।** शासकीय मेडिकल कॉलेज नीमच में गुरुवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए,जब पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान आउटसोर्स कर्मचारी कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ गए।सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी सहित अन्य कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक उनका बकाया वेतन नहीं दिया जाता,तब तक वे काम पूरी तरह बंद रखेंगे।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि करीब 80 कर्मचारी पिछले दो महीनों से वेतन का इंतजार कर रहे हैं। वेतन नहीं मिलने से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, मकान किराया,राशन और दवाइयों जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए उन्हें मजबूरी में उधार लेना पड़ रहा है।कर्मचारियों ने कहा कि लगातार आर्थिक तनाव के कारण परिवारों में मानसिक दबाव भी बढ़ गया है।कर्मचारियों ने आउटसोर्स कंपनी पर गंभीर आरोप लगाए।उनका कहना है कि कंपनी समय पर वेतन नहीं देती और जब वे अपनी जायज मांग रखते हैं तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। इसी डर और दबाव में कर्मचारी मजबूरीवश काम करते आ रहे हैं।कर्मचारियों ने मांग की है कि आउटसोर्स व्यवस्था पर प्रशासन सख्त निगरानी रखे और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के डीन ने धरने पर बैठे कर्मचारियों से बातचीत की। वहीं आउटसोर्स कंपनी के सुपरवाइजर प्रदीप देवड़ा ने स्वीकार किया कि कर्मचारियों का लगभग 12 लाख रुपए वेतन बकाया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रतलाम स्थित कंपनी मैनेजर से चर्चा की गई है और आज ही वेतन भुगतान के प्रयास किए जा रहे हैं।धरने के कारण मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस दौरान ट्रेड यूनियन नेता शैलेंद्र सिंह ठाकुर भी धरना स्थल पर मौजूद रहे और कर्मचारियों को समर्थन दिया।

## जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नीमच।** संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग म.प्र. भोपाल, द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मिशन प्रबंधन के तहत जारी निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिले में जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उद्यानिकी फसलों में उच्च तकनीकी से खेती से अधिक एवं उच्च गुणवत्तायुक्त उत्पादन, जैविक खेती का प्रचार-प्रसार, कृषकों की आय दोगुना करने, युवा वर्ग हेतु रोजगार सृजन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं विभागीय योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों को लाभांवित करने के उद्देश्य से दिनांक 28 जनवरी 2026 से 29 जनवरी 2026 तक टाउन हॉल (दशहरा मैदान)में दो दिवसीय सेमिनार/कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस का आयोजन दिनांक 28 जनवरी 2026 को टाउन हॉल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में, माननीय श्री दिलीपसिंह परिहार विधायक नीमच, श्री बी.एस. कलेश महोदय अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण सहित कई गणमान्य अतिथि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री अतर सिंह कन्नौजी उप संचालक उद्यान नीमच द्वारा प्रतिभागियों का उद्बोधन किया गया, एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी गई। विधायक महोदय नीमच द्वारा किसानों को उच्च तकनीकी से उद्यानिकी की खेती कर अपनी आय को दोगुनी करने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही कृषकों को स्वयं के खेत पर उत्पादित फसलो का प्रसंस्करण करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे अपर जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा कृषकों को कम से कम रासायनिक खादों एवं दवाईयॉ का उपयोग करने एवं अधिक से अधिक प्राकृतिक, जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया गया, उनके द्वारा कृषको को फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने हेतु समझाईश दी गई जिससे कृषको द्वारा विभिन्न विभागों की समस्त योजनाओं में लाभ प्राप्त किया जा सकें।

कार्यक्रम में आगे के क्रम में डॉ. जे.पी.सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को उद्यानिकी फसलों की प्राकृतिक खेती/जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे मृदा स्वस्थ में सुधार किया जा सकें। उनके द्वारा रासायनिक कीटनाशक एवं दवाईयों के स्थान पर प्राकृतिक उपाय बताए गए जिससे मृदा में उपलब्ध जीवाणुओं को बढाया जा सकें एवं मृदा के ऑर्गेनिक कार्बन में सुधार किया जा सकें। कृषकों को मल्टी क्रॉपिंग, इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग सिस्टम एवं क्रॉप रोटेशन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख वैज्ञानिक सी.पी. पचौरी द्वारा उद्यानिकी फसलों की खेती में उर्वरक एवं दवाओं की लागत कम करने हेतु समझाईश दी गई जिससे कृषकों को अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकें। डॉ. श्यामसुन्दर सारंगदेवोत वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को विभिन्न उद्यानिकी फसलों में होने वाले रोक एवं कीट के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही उनके नियंत्रण हेतु उचित कीटनाशको एवं फफुंद नाशकों के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



## पटाखेदार बुलेट से लेकर बिना सीट बेल्ट चालकों से वसूला जुर्माना

**▸ नाबालिग और तीन सवारी पर भी कार्रवाई**

**नीमच।** यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से नीमच यातायात पुलिस ने आज विशेष सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई मैसी फर्ग्यूसन शोरूम चौराहा एवं लायंस पार्क चौराहा पर की गई।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।तेज आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलें, नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाना, बिना नंबर प्लेट के वाहन, दोपहिया पर तीन सवारी, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना तथा चारपहिया चालकों द्वारा सीट बेल्ट न लगाने जैसे मामलों में चालान काटे गए।

यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान कुल 70 चालान बनाए। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यातायात विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और नाबालिगों को वाहन न चलाने दें। विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



## श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

**▸ भोलियावास नई आबादी में जन सहयोग से बनेगा मंदिर**

**नीमच। समीपस्थ ग्राम भोलियावास नई आबादी में शासकीय बालक छात्रावास के समीप स्थित श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर परिसर में श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।**

इस मंदिर के निर्माण हेतु मंदिर समिति द्वारा 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रात: 9:00 बजे से आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विधि विधान से मंत्रोचार के साथ मंदिर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य पंडित शिवकुमार शर्मा ने विधि विधान से संपन्न कराया। इस अवसर पर श्री संकट मोचन बालाजी महाराज मंदिर समिति के सदस्य गोपाल माली, विनोद गुर्जर, लक्ष्मण माली, गोलू यादव, पंकज माली, अर्जुनजी, अमन यादव, दीपक यादव, भरत सिंह, नरेंद्र यादव सहित क्षेत्र में निवास रत अन्य भक्तगण उपस्थित थे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां जन सहयोग से श्री संकट मोचन बालाजी महाराज के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर का भवन बनने के बाद यहां शीघ्र ही शुभ मुहूर्त में श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर यहां विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे।

**एक नजर** | नीमच में परिवार ने व्यापारी पर लगाया जेवर न लौटाने का आरोप, शिकायत दर्ज

## चार किलो चांदी के जेवर को लेकर दो पक्षों में विवाद



**नीमच।** नीमच के घंटाघर क्षेत्र में बुधवार शाम 4 किलो चांदी के जेवर को लेकर विवाद हो गया। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के रामबावली से आए एक परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने सालों पहले एक व्यापारी के पास विश्वास के आधार पर 4 किलो चांदी की ज्वेलरी गिरवी रखी थी। अब दुकानदार लौटाने से इनकार कर रहा है। विवाद बढ़ने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। पीड़ित मुकेश नाथ और उनकी माता चन्नाबाई ने बताया कि उनका दुकानदार मनोहर धाड़ेती से पुराना संबंध था। उन्होंने जरूरत पड़ने पर 80 हजार और 30 हजार रुपए के दो अलग-अलग खातों में उधार लिया था। इसके बदले उन्होंने बिना किसी कागजी लिखा-पढ़ी के अपनी 4 किलो चांदी की ज्वेलरी, जिसमें भारी कंदौरा और अन्य आभूषण शामिल थे, दुकानदार के पास रख दिए थे।

**दुकानदार ने जेवरात देने से किया इनकार**-जब वे अपनी ज्वेलरी वापस लेने पहुंचे, तो दुकानदार ने जेवरात होने से इनकार कर दिया। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि दुकानदार ने उनके साथ धक्का-मुक्की कर उन्हें दुकान से बाहर निकाल दिया।

**दुकान संचालक ने पुलिस से सुरक्षा मांगी, कहा-आरोप बेबुनियाद**-दूसरी ओर, दुकान संचालक मनोहर धाड़ेती ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने केंट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। धाड़ेती का कहना है कि उनका कपड़ों का पुश्तैनी व्यवसाय है और पीड़ित परिवार उनसे केवल कपड़े खरीदता रहा है। उन्होंने किसी भी प्रकार की ज्वेलरी गिरवी रखने की बात को झूठा बताया और पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

**▸ दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज**

केंट थाना प्रभारी निलेश अवस्थी ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुए हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। चूंकि इस मामले में कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं है, इसलिए कानूनी पेच फंस गया है। पीड़ित पक्ष ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई है।